# कालीचरण कालेज में वोकेशनल कोर्स तय

## नारी शिक्षा निकेतन ने भी जारी किए स्नातक दूसरे व चौथे सेमेस्टर के वोकेशनल कोर्स

**जासं, लखनऊ :** कालीचरण पीजी कालेज और नारी शिक्षा निकेतन गर्ल्स पीजी कालेज ने भी स्नातक दूसरे व चौथे सेमेस्टर के वोकेशनल कोर्स शनिवार को तय कर दिए। दोनों कालेजों ने इसकी सेमेस्टर वार सूची भी जारी कर दी है। नारी कालेज की प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि छात्राएं कालेज के नोटिस बोर्ड पर इसे देख सकती हैं। प्रत्येक सेमेस्टर से किसी एक कोर्स को चयनित करना है। वहीं, कालीचरण कालेज के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि वोकेशनल कोर्स का चयन करके संबंधित विभागों को जिम्मेदारी दे दी गई है।

**नारी कालेज में वोकेशनल कोर्स** : बीए द्वितीय सेमेस्टर के लिए : काउंसिलिंग एंड गाइडेंस, चौथे सेमेस्टर- एनहैंसिंग कम्यूनिकेशन स्किल्स, बीकाम द्वितीय सेमेस्टर के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी एंड बैंकिंग, चौथे सेमेस्टर के लिए- एनहैंसिंग कम्यूनिकेशन स्किल्स, बीएससी दूसरे सेमेस्टर के लिए- सेरीकल्चर : मेथड्स एंड प्रास्पेक्ट्स एवं फूड कैमेस्ट्री, चौथे सेमेस्टर- वोकेशनल एन्टरप्रेन्योरशिप इन जेमोलाजी तथा इंट्रोडक्शन टू हाउसहोल्ड केमिकल्स, सोप्स एंड डिटर्जेंटस।

**कालीचरण पीजी कालेज के वोकेशनल कोर्स** : द्वितीय सेमेस्टर- फाइनेंशियल लिट्रेरी एंड बैंकिंग, लैंग्वेज एंड कम्युनिकेशन फ्रैंच फार प्रोफेशनल कम्युनिकेशन, पब्लिक ओपिनियन एंड सर्वे रिसर्च, वूमेन लीडरशिप एंड मैनेजमेंट, रूरल/ट्राइबल कम्युनिटी स्टडीज, एनशियन इंडियन न्यूमिसमैटिक, पंचांग कौशल, कामकाजी हिन्दी, प्रिंसिपल्स एंड पालीटिक्स आफ इंश्योरेंस, एकाउंटिंग साफ्टवेयर एप्लीकेशन। चौथा सेमेस्टर- बेसिक्स आफ इंडियन इकोनामी लेजिस्लेटिव प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर, वूमेन एंड इंटरप्रिन्योरशिप स्किल डेवलपमेंट, अर्बन/इंडस्ट्रियल कम्युनिटी स्टडीज, सृजनात्मक एवं माध्यम लेखन, यूरो-अरब रिलेशंस, इंटरप्रिन्योरशिप, जीएसटी कान्सेप्ट्स एंड प्रैक्टिस।

## मिस फेयरवेल निकिता, मिस फ्रेशर बनीं वंशिका




नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में हुई फ्रेशर और फेयरवेल पार्टी • सौजन्य कालेज

**जासं, लखनऊ :** नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी आयोजन किया गया। स्नातक दूसरे व छठे सेमेस्टर की छात्राओं के बीच फैशन शो, हाबी और प्रश्नोत्तरी सहित तीन राउंड हुए, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि मिस फेयरवेल निकिता सिंह, प्रथम रनरअप पूजा कन्नौजिया और द्वितीय रनरअप प्रांजलि गौतम घोषित की गईं। मिस फ्रेशर वंशिका वर्मा, पहली रनरअप मुस्कान शहाब और दूसरी रनरअप काजल रावत रहीं। अन्य कार्यक्रम में प्रतीक्षा कश्यप, अनामिका रावत और सिमरन जायसवाल ने नृत्य प्रस्तुत किया। नेहा धानुक और छात्राओं ने सामूहिक लोक गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्राचार्या ने सभी छात्राओं को ग्रो माडल अपनाने पर बल देते हुए कहा कि अधिकार के साथ कर्तव्य भी महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. शोभा त्रिपाठी, अल्पना मेहरोत्रा, प्रो. वंदना संत उपस्थित रहीं।

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फेयरवेल व फ्रेशर पार्टी, फैशन शो और प्रश्नोत्तरी में छात्राओं की दिखी प्रतिभा

## आइटी कालेज : पीजी कोर्सों में आनलाइन आवेदन कल से

**जासं, लखनऊ :** ईसाबेला थोबर्न (आइटी) में स्नातक के बाद अब एक मई से परास्नातक की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। आवेदन शुल्क 900 रुपये होगा। प्रवेश प्रभारी डा. हरिओम द्विवेदी ने बताया कि नए सत्र 2023-24 में पीजी के नौ विषयों में स्नातक की मेरिट के आधार पर दाखिले लिए जाएंगे। बीएलआइएससी कोर्स में भी आवेदन प्रक्रिया भी अगले सप्ताह शुरू हो जाएगी।

**कोर्सवार सीटें** : इंग्लिश 60, सोशियोलाजी 60, वूमेस स्टडीज 60, जाग्रफी 60, इकोनामिक्स 40, केमिस्ट्री 30, जूलाजी 50, बायोटेक्नोलाजी 20, न्यूट्रिशन 60, बीएलआइएससी 30 सीटें।

**नेशनल पीजी कालेज में तीन नए कोर्स में आवेदन** : एमएससी केमिस्ट्री 30 सीटें, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ 30 सीटें और बीबीए डिजिटल बिजनेस में 60 सीटों पर आवेदन शुरू है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि दाखिले मेरिट के आधार पर होंगे। वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है।

**एक साथ जमा होगी दो सेमेस्टर की फीस** : विद्यांत हिन्दू डिग्री कालेज में नए सत्र में सीधे प्रवेश का मौका दिया गया है। आवेदन शुल्क 700 रुपये है। कालेज प्रशासन के अनुसार बीए में 670 व बीकाम रेगुलर 320 और सेल्फ फाइनेंस की 140 सीटों पर दाखिले दिए जा रहे हैं। प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को पहले और दूसरे सेमेस्टर की फीस एक साथ जमा करनी होगी। बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रति छात्र फीस 4370 रुपये, प्रति छात्रा फीस 4226 रुपये है। वहीं, बीकाम में छात्र को 5370 रुपये और छात्रा को 5226 रुपये जमा करने होंगे। इसमें परीक्षा शुल्क फीस शामिल है। द्वितीय सेमेस्टर में शुल्क नहीं पड़ेगा।

स्वदेश

लखनऊ - मुख्य संस्करण

30 Apr 2023



# निकिता सिंह बनीं मिस फेयरवेल, पूजा कन्नौजिया और प्रांजलि सिंह रहीं रनरअप

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बाद प्रिया कश्यप की सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्या प्रो.सपना वर्मा ने सभी छात्राओं को ग्रो माडल अपनाने पर बल दिया–गोल, रियलिटी, ऑप्शन और विल पावर। छात्राओं के लिए अधिकार के साथ कर्तव्य भी महत्वपूर्ण है। स्नातक द्वितीय सेमेस्टर और षष्ठ सेमेस्टर की छात्राओ ने फैशन शो, हाबी और प्रश्नोत्तर सहित तीन राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाई। मिस फेयरवेल निकिता सिंह, प्रथम रनरअप पूजा कन्नौजिया और द्वितीय रनरअप प्रांजलि सिंह घोषित की गई। मिस फ्रेशर वंशिका वर्मा, फर्स्ट रनरअप मुस्कान सहाब और सेकेण्ड रनरअप मुस्कान निषाद रही। अन्य कार्यक्रम में प्रतीक्षा कश्यप, अनामिका रावत और सिमरन जायसवाल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। नेहा धनुक और छात्राओं ने सामूहिक लोक गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में डा. शोभा त्रिपाठी, अल्पना मेहरोत्रा और प्रो.वन्दना संत थे। सभी विजेताओं को प्राचार्या ने पुरस्कृत किया। छात्राओं ने जलपान की व्यवस्था की। डॉ.सुनीता ने आभार ज्ञापित किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सांस्कृतिक और प्रोक्टोरियल समिति के निर्देशन में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ.सुनीता कुमार, डॉ.अंतिमा चौधरी, शिप्रा, आकांक्षा, डॉ.नीतू मिश्रा, सिद्धी जायसवाल समेत प्रवक्ताओं और 200 से अधिक छात्राओं की उपस्थिति रही।